## शहर में आज

- वसंत उत्सव पर विष्णु बाल सदन स्कूल कालीबाड़ी में मेले का आयोजन सुबह 10 :30 बजे।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता सुबह 10 :30 बजे।
- आर्य समाज अनाथालय की सुष्मिता और हिमांशु का विवाह समारोह केयू बैंक्वेट हाल नई बस्ती में दोपहर 1 :00 बजे।
- श्री त्रिवटीनाथ संस्कृत महाविद्यालय में वसंत पंचमी पर वार्षिक उत्सव शाम 4 बजे।
- आर्य विद्या सभा द्वारा वसंत उत्सव कार्यक्रम एसवी इंटर कॉलेज में दोपहर 12 बजे।
- त्रिवटीनाथ मंदिर में वसंत उत्सव कार्यक्रम सुबह 10 बजे।

## एक नजर

### कुछ काबू में आया लहसुन 150 रुपये घटा भाव

**बरेली, अमृत विचार** : नई आवक आने से लहसुन के दाम में 150 रुपये प्रति किलो की गिरावट आई है। पिछले कई दिनों से लहसुन के दाम बढ़ने से लोग परेशान हो रहे थे। अब थोक में 500 रुपये किलो तक बिक रहा लहसुन 350 रुपये तक बिकने लगा। इस बार सबसे अधिक उत्पादन वाले राज्य मध्य प्रदेश और राजस्थान में बिना मौसम बारिश के कारण लहसुन की फसल खराब हो गई थी। इसकी वजह से लहसुन महंगा हो गया था। फुटकर में 650 से 700 रुपये किलो दाम पहुंच गए थे। मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष शुजा उर रहमान का कहना है कि मंडियों में लहसुन की नई आवक शुरू हो गई। मंगलवार को तीन गाड़ियां मध्य प्रदेश से मंडी आईं। थोक में लहसुन के थोक भाव 150 रुपये किलो तक घट गए हैं। कहा कि लहसुन के दाम में आगे भी गिरावट जारी रहेगी। उम्मीद है कि अगले एक सप्ताह में लहसुन की कीमत 150 रुपये किलो के आसपास आ जाएगी। किसानों के आंदोलन से सब्जियों और फलों के दामों पर असर पड़ सकता है। मंडी एसोसिएशन के अध्यक्ष शुजा उर रहमान का कहना है कि मुंबई, आगरा, पुणे, बंगाल से अधिकांश सब्जियां आती हैं। सब्जियों की आवक में गिरावट की स्थिति का पता मंगलवार को ही पता चल सकेगा।

# वाह कहें या आह..! छह महीने चल गई परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र की सड़क



## उद्यमियों के बरसों मांग करने के बाद नगर निगम ने डेढ़ करोड़ से कराया था अधूरे सीमेंट रोड का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : सुभाषनगर पुलिया के नीचे 15 दिन रास्ता बंद रखकर बनाया गया सीमेंट रोड महीने भर भी नहीं चली लेकिन परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र इस मामले में थोड़ा ज्यादा भाग्यशाली निकला। यहां रोड नंबर एक पर बना सीमेंट रोड छह महीने चलने के बाद अब बिखरना शुरू हुआ है। नगर निगम ने यह सीमेंट रोड बनाने के लिए डेढ़ करोड़ खर्च किए थे।

दोनों सीमेंट रोड की जिंदगी का अंतर जता रहा है कि उद्यमियों का ख्याल रखते हुए परसाखेड़ा में गुणवत्ता का ज्यादा ख्याल रखा गया। शायद कमीशन भी कुछ कम खाया गया। उद्यमी कई बरस से यह सड़क बनाने की मांग कर रहे थे। 2022 में नगर निगम का खजाना खाली बताकर अफसरों ने सड़क बनवा पाने से इन्कार कर दिया था। उद्यमियों मेयर उमेश गौतम के सामने समस्या रखी तो उन्होंने पिछले साल 15वें वित्त की धनराशि से यह सड़क बनवाने का आदेश दिया। डेढ़ करोड़ मंजूर हुआ लेकिन इससे साढ़े सात मीटर लंबी सड़क का 688 मीटर सड़क का ही निर्माण हो पाया। उद्यमियों के मुताबिक सड़क पूरी होने से पहले ही नगर निगम का खजाना फिर खाली हो गया।

डेढ़ करोड़ रुपये से बीएल एग्रो फैक्ट्री के सामने से गुजरने वाला सीमेंट रोड करीब छह महीने चल चुका है और अब उसकी गिट्टियां सतह छोड़कर बिखरने लगी हैं। हाल ही में वार्ड 37 की पार्षद अंजुल ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर घटिया निर्माण के कारण सड़क के कई जगह उखड़ने की शिकायत की है। अंजुल ने आग्रह किया है कि निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री की जांच कराने के साथ ठेकेदार से सड़क का दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए।



परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सीमेंट रोड पर उखड़ी बजरी। ● अमृत विचार

> नगर निगम में पैसे की कमी की वजह से रोड नंबर एक का पूरी निर्माण नहीं हो पाया है। आईआईए ने इस सड़क के निर्माण के लिए नगर निगम और उद्योग बंधु की बैठक में कई बार मांग की थी।
> **– विमल रेवाड़ी, डिविजनल चेयरमैन,** आईआईए

### सुभाषनगर पुलिया के नीचे महीने भर में ही हो गए गड्ढे




> सड़क निर्माण की गुणवत्ता समय-समय पर चेक करने की जिम्मेदारी एई और जेई की होती है। औद्योगिक क्षेत्र की सड़क अगर छह महीने में ही उखड़ने लगी है तो उसे चेक कराएंगे।
> **– पुनीत ओझा,** मुख्य अभियंता नगर निगम

### 40 एमएम की गिट्टी लगनी थी लगाई सिर्फ दस एमएम की

औद्योगिक क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही के मद्देनजर मजबूत सड़क बनाने का एस्टीमेट तैयार किया गया था। बताया जा रहा है कि इस सड़क में 30 से 40 एमएम की गिट्टी लगाई जानी चाहिए लेकिन इसके बजाय दस एमएम की छोटी गिट्टी का प्रयोग किया गया। छोटी गिट्टी होने के कारण ही ऊपरी सतह बिखरने लगी है। कहा जा रहा है कि ऊपरी सतह बिखरने के बाद सड़क में फिर गड्ढे हो जाएंगे। उद्यमियों को फिर दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।

# आठ घंटे देरी से पहुंची कुंभ एक्सप्रेस

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को कई ट्रेनें घंटों देरी से पहुंचीं। सुबह पहुंचने वाली कुंभ एक्सप्रेस आठ घंटे देर से शाम को पहुंची। यात्रियों ने एक्स पर शिकायत की तो रेलवे ने जवाब दिया कि ट्रेन को छह घंटा रिशेड्यूल किया गया था। इसके अलावा 13005 हावड़ा अमृत पंजाब डेढ़ घंटे, 15119 देहरादून जनता दो घंटा, 22453 राज्यरानी एक घंटा, 12370 कुंभ एक्सप्रेस एक घंटा 22 मिनट, 22356 चंडीगढ़ पाटलिपुत्र एक्सप्रेस एक घंटा 41 मिनट देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इसके अलावा 15716 गरीब नवाज एक घंटा 39 मिनट और 13009 दून चार घंटा 28 मिनट देरी से चल रही थीं। इन ट्रेनों के देर रात तक बरेली जंक्शन पहुंचने की संभावना जताई जा रही थी।




# मिनी जू के सर्वे-डीपीआर के लिए 50 लाख का बजट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीबीगंज के खलीलपुर वन खंड में मिनी जू के लिए चिह्नित की गई है 12 हेक्टेयर जमीन
- वन मंत्री के निर्देश पर अफसरों ने भेजा था प्रस्ताव, अगले वित्तीय वर्ष में शुरू होगा काम

**अमृत विचार:** सीबीगंज में मिनी जू के लिए 12 हेक्टेयर जमीन चिह्नित करने के बाद अब उसके सर्वे और डीपीआर बनाने को भी मंजूरी मिल गई है। इसके लिए 50 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। कहा जा रहा है कि मिनी जू के लिए सर्वे अगले वित्तीय वर्ष में शुरू कर दिया जाएगा।

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के प्रयासों से शहर में लघु प्राणी उद्यान की योजना परवान चढ़ने लगी है। मिनी जू (लघु प्राणी उद्यान) के लिए सीबीगंज स्थित खलीलपुर वन खंड में करीब 12 हेक्टेयर भूमि वन विभाग की ओर से चिह्नित की गई है। मुख्य वन संरक्षक रुहेलखंड जोन बी प्रभाकर ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश लखनऊ को पत्र लिखकर डीपीआर और सर्वे के लिए 50 लाख के बजट की मांग की थी। सर्वे के लिए विशेषज्ञ परामर्शदाता को भी नामित करने का आग्रह किया था। अब शासन से बजट को मंजूरी मिल गई है। अफसरों का कहना है कि बजट मिलने के बाद अगले वित्तीय वर्ष में सर्वे शुरू किया जाएगा।

### ये वन्यजीव होंगे मिनी जू में

मिनी जू बनने के बाद बाघ, तेंदुआ, भालू, हिरन व विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों के दीदार शहर के लोगों को हो सकेंगे। बरेली के अलावा आसपास के जनपदों के लोगों के लिए भी यह अच्छा पिकनिक स्पॉट होगा।

> सर्वे और डीपीआर के लिए बजट को मंजूरी मिल चुकी है। संभवत : अप्रैल में बजट प्राप्त हो जाएगा। इसके बाद काम शुरू किया जाएगा। **– बी . प्रभाकर,** मुख्य वन संरक्षक, रुहेलखंड जोन

### थर्ड पार्टी एप की तरह काम करता रहेगा पेटीएम

**बरेली, अमृत विचार :** पेटीएम के पेमेंट बैंक बंद होने की खबर के बाद ऑनलाइन भुगतान के लिए पेटीएम का क्यूआर इस्तेमाल करने वालों में भी बेचैनी का माहौल है। हालांकि पेटीएम की ओर से साफ किया गया है कि पेटीएम का क्यूआर काम करता रहेगा। इसमें कोई दिक्कत नहीं आएगी। अनुमान के अनुसार बरेली में पेमेंट बैंक के करीब 30 हजार से ज्यादा खाताधारक है, क्यूआर चलाने वालों की संख्या लाखों में है। एलडीएम वीके अरोरा का कहना है कि आरबीआई ने पेटीएम बैंक पर रोक लगाई गई है। हालांकि खाताधारकों को पैसे निकालने के लिए समय दिया गया है। पेटीएम के टीम लीडर भगत सिंह के मुताबिक क्यूआर के लिए थर्ड पार्टी एप के तौर पर पेटीएम काम करता रहेगा। यूपीआई के तहत लेनदेन में कोई दिक्कत नहीं आएगी।






शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# किसानों के हिस्से का करोड़ों खा गए भ्रष्ट अफसर

## भाकियू शंकर गुट की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने दामोदर स्वरूप पार्क में धरना देकर लगाए आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- किसान नेताओं के निशाने पर रहे कृषि और भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारी
- अपर आयुक्त को दिया ज्ञापन कार्रवाई न होने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी

**अमृत विचार :** सैकड़ों किसानों ने मंगलवार को दामोदर स्वरूप पार्क में धरना दिया और कृषि और भूमि संरक्षण विभाग के अफसरों पर गंभीर आरोप लगाए। किसानों ने कहा कि उनके नाम पर चल रही केंद्र और राज्य की सरकारी योजनाओं में बरेली के अफसरों ने करोड़ों का गबन किया है। इस भ्रष्टाचार की जनप्रतिनिधियों से उच्चाधिकारियों तक से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई भी नहीं हो रही है। कई घंटे चले धरने के बाद किसानों ने कमिश्नरी पहुंचकर अपर आयुक्त रामसिंह गौतम को ज्ञापन के साथ चेतावनी दी कि कार्रवाई न हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन (शंकर) गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह की अगुवाई में धरने के दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि दोनों विभागों के अधिकारी अपने रिश्तेदारों और नजदीकियों के नाम फर्म बनाकर करोड़ों रुपये हड़प लिए हैं। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह ने कहा कि अधिकारियों और विभागों के बाबुओं की साठगांठ भ्रष्टाचार चरम पर है। जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र चौधरी पांच साल से तैनात हैं। तीन साल पहले आए अधिकारियों के तबादले हो चुके हैं लेकिन उच्चाधिकारियों की मेहरबानी से तय समय के बाद भी उनका तबादला नहीं हुआ है। प्रताप सिंह ने कहा कि पूरे साक्ष्यों के साथ अपर आयुक्त से शिकायत की गई है। अगर कार्रवाई न हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन होगा।

धरना और सभा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश प्रभारी रमाकांत उपाध्याय, तहसील सचिव तनुज, मंडल अध्यक्ष गुरदीप सिंह के अलावा रामपुर, संभल, अमरोहा, मुरादाबाद के अध्यक्ष मौजूद रहे। उधर, दामोदर पार्क में किसानों के धरने के दौरान बाहर सड़क पर जाम लग गया। काफी देर वाहन रेंगते रहे। इससे लोगों को मुश्किलें भी हुईं। पुलिस ने किसी तरह यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया।


सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में धरना-प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र चौधरी के पास दो साल पहले डिप्टी डायरेक्टर का भी चार्ज था।

**आरोप- 1** उस दौरान कृषि यंत्रीकरण, आत्मा योजना, सीडीपी योजना में फर्जी किसान और फर्म बनाकर करोड़ों की रकम अपने बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर कराई गई। कृषि रक्षा अधिकारी, गोदाम इंचार्ज, जिला सलाहकार एनएफएसएम और बाबुओं के खाते में भी बड़ी रकम भेजी गई। डीएम के आदेश पर जांच हुई लेकिन उसमें भी आपस की साठगांठ से लीपापोती कर दी गई।

आत्मा योजना, खाद बीज सब्सिडी समेत कई योजनाओं में 2017 से 2023

**आरोप- 2** तक ज्यादातर फर्जी क्लस्टर प्रदर्शित किए गए। सरकारी सब्सिडी का बीज बाजार में बेच दिया गया। किसानों की शिकायत पर जांच का आदेश दिया गया लेकिन इस पर भी लीपापोती कर दी गई।

बहेड़ी में कृषि यंत्र की लाखों की सब्सिडी एक ही लाभार्थी को पति-पत्नी के

**आरोप- 3** नाम से दो बार दे दी गई। इस मामले की जांच में सिर्फ एक बाबू को दोषी ठहराया गया लेकिन उसके खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी तरह की और तमाम गड़बड़ियां हुई हैं।

**आरोप- 4** भूमि संरक्षण अधिकारी संजय सिंह अकेले पांच प्रभार संभाल रहे हैं और जिले में चार साल से जमे हैं।

## एक नजर

### चौकी के सामने ऑटो खड़े होकर भर रहे सवारियां

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट बस अड्डे के बाहर चौकी के सामने ऑटो-टेंपो खड़े होकर सवारियां भर रहे हैं। कभी-कभी रोडवेज की बसें भी खड़ी होकर सवारियां भरने लगते हैं, जिसकी वजह से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसके अलावा कई ऑटो वाले सड़क पर आकर सवारियां को खींचकर ले जाने की कोशिश करते हैं, इसकी वजह से ईसाइयों की पुलिया की तरफ से आने वाले वाहनों को परेशानी होती है। इसकी वजह से कई बार हादसा होने का डर बना रहता है।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी की कंपनी ने निवेशक के लाखों हड़पे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस ने परिवार के सात लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट
- चेक दिखाकर जल्द भुगतान करने का दिया था झांसा

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी और उसके परिजनों पर केपीएस कंपनी में कई लोगों से निवेश कराकर लाखों रुपये की ठगी का आरोप लगा है। ठगी का शिकार हुए युवती और उसके भाई की शिकायत पर बारादरी पुलिस ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी, उसकी पत्नी, बेटों, बहू और पौत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला कटरा चांद खां निवासी भावना ग्वाल ने बताया कि 849 कटरा चांद खां पुराना शहर निवासी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी कीर्तिराम मौर्या, उसकी पत्नी शारदा देवी, बेटे संजीव, कमल, संजीव के बेटे कोरस व विकास एवं संजीव की पत्नी प्रीति ने केपीएस कंपनी खोली। जिसका कार्यालय गुलाबबाड़ी कटरा चांद खां में है।

आरोपियों ने झांसा दिया कि कंपनी में एक लाख रुपये जमा करने पर प्रतिमाह 1500 रुपये कंपनी देगी और एक वर्ष पूरा होने पर रुपये वापस कर दिए जाएंगे। भरोसा करके उन्होंने 23 जून 2022 को एक लाख रुपये कंपनी में निवेश कर दिए। इसके बाद कंपनी ने 1500 रुपये प्रतिमाह नहीं दिए और रुपये भी वापस नहीं किए।

6 नवंबर 2023 को संजीव मौर्या ने उनके भाई राजेश कुमार को बंधन बैंक का चेक दिखाते हुए कहा कि 8-10 दिन में भुगतान हो जाएगा, तब तक के लिए एक लाख रुपये दे दो। 15 दिन बाद जब रुपये मांगे तो आरोपी गाली गलौज करने लगे। उन्होंने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया, जिसके बाद बारादरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी अगस्त 2023 में कंपनी के खिलाफ निवेशकों ने कार्यालय पर जमकर हंगामा किया था। कंपनी की महिला कर्मचारी ने तमाम आरोप लगाए थे।

# कहते रह गए गड़बड़ हैं टैक्स बिल...टीम ने सील कर दीं दुकानें

## सर्वोदयनगर में नगर निगम की टीम ने हंगामे के बीच टैक्स की वसूली के लिए की कार्रवाई, आज लगेगा शिविर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम के टैक्स विभाग की टीम को जौहरपुर वार्ड में जनता के विरोध का सामना करना पड़ा। टैक्स बिलों में गड़बड़ी की बात कहकर लोगों ने हंगामा किया। टीम ने दुकानों को सील करना शुरू किया तो कुछ लोगों ने टैक्स भर दिया। दो लाख 59 हजार रुपये की वसूली हुई।

जौहरपुर के सर्वोदय नगर में मंगलवार को नगर निगम की टीम ने वसूली अभियान चलाया। टीम ने बकाया होने पर दुकानों को सील करने की कार्यवाही शुरू की। दुकान के पीछे मकान बनाए सेवानिवृत्त दरोगा रामलाल विरोध करने लगे और बिल को बढ़ाकर भेजने की बात कही। आसपास के लोग भी एकत्र हो गये। कर निधार्रण अधिकारी विपिन कुलदीप, राजस्व निरीक्षक नीरज गंगवार और प्रवर्तन टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। पार्षद पति ने बताया कि लोगों का कहना था कि दस साल का बिल एक साथ भेजा जाएगा तो कैसे अदा किया जाएगा। कुछ लोग कह रहे थे उन्हें बिल नहीं मिला। वहीं राजस्व निरीक्षक नीरज गंगवार ने कहा कि निगम बिल भेज रहा है तो कोई समस्या बताने नहीं आ रहा। नोटिस भेज रहा है तब भी कोई नहीं आ रहा, न ही बिल जमा किया जा रहा है। सील करने की कार्यवाही की तो लोग विरोध कर रहे हैं।

लोगों ने कहा कि पानी की सप्लाई नहीं ले रहे हैं तब भी वाटर टैक्स लग कर आ रहा है। इस पर राजस्व निरीक्षक ने बताया कि निगम की लाइन से पानी लेंगे तो जलमूल्य देना होगा। यह जल मूल्य अभी नहीं लगा है। उन्होंने बताया कि टीम ने दुकानें सील की तो कुछ लोगों ने टैक्स की कुछ रकम जमा की है। 2 लाख 59 हजार की वसूली हुई है। बुधवार को सर्वोदय नगर में कैंप लगाया जाएगा। इसमें आकर समस्या का समाधान कर सकते हैं।


टैक्स विभाग की टीम का लोगों ने जमकर विरोध किया। ● अमृत विचार

### जनसुनवाई में भी टैक्स गड़बड़ियों की भरमार

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान टैक्स और निर्माण संबंधी समस्याओं से जुड़े मामले आए। कुछ लोगों ने टैक्स बिल में त्रुटि होने की बात कही। सीटीओ ने इसे दुरुस्त कराने को संबंधित कर्मियों को भेजा। गुलाब नगर में सफाई नहीं होने और सड़कों की बदहाली का मामला रखा गया। एक व्यापारी ने पार्क में गाड़ियां खड़ी होने से अव्यवस्था फैलने की शिकायत की। इस पर अफसरों ने चुप्पी साध ली।



## जुलाई तक चौपुला पुल से जुड़ जाएगा अटल सेतु

**बरेली, अमृत विचार :** कुतुबखाना पुल के बाद अब चौपुला पुल को अटल सेतु से जोड़ने की डेडलाइन भी फाइनल कर दी गई है। सेतु निगम के अफसरों ने दावा किया है कि यह काम जुलाई तक पूरा करने के बाद ब्रांच पुल को एक अगस्त से शुरू कर दिया जाएगा। इससे पहले अप्रैल में काम पूरा करने का दावा किया गया था। बजट न मिलने के कारण दोनों पुलों को जोड़ने के लिए ब्रांच पुल बनाने का काम साल 2021 से अटका था। तमाम पैरवी के बाद लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच दिसंबर में 15 करोड़ रुपये का बजट मिल पाया। सेतु निगम के डीपीएम अरुण कुमार के मुताबिक 95 मीटर लंबा ब्रांच पुल मंदिर के ऊपर से निकोगा। इसके लिए छह में से पांच पिलर बनकर तैयार हैं। दोनों पुलों के बीच 42 मीटर लंबा स्टील गर्डर रखा जाना है। यह काम दिल्ली की बीसी इन्फ्रा कंपनी ने शुरू कर दिया है। काम जुलाई 2024 में पूरा करने की डेडलाइन है जो इससे पहले ही पूरा कर लिया जाएगा।

- डेडलाइन तय पहली अगस्त से ट्रैफिक शुरू करने का दावा

# टूलकिट में घटिया सामान, ट्रेनिंग का भी पैसा नहीं दिया अफसरों ने

## विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों ने लगाए आरोप, हंगामा किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला उद्यम प्रोत्साहन केंद्र पर नाई ट्रेड के लाभार्थियों को बांटी गई थी टूलकिट
- लाभार्थी बोले-15 हजार रुपये कीमत की किट में एक भी सामान ढंग का नहीं

**अमृत विचार :** जिला उद्यम प्रोत्साहन केंद्र पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों ने टूलकिट में घटिया और कम सामान देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। लाभार्थियों का आरोप था कि सैलून खोलने के लिए 15 हजार रुपये की कीमत की किट में दो हजार रुपये का भी सामान नहीं था। इसमें शेविंग मशीन से लेकर कंघा, कैंची समेत अन्य सामान घटिया क्वालिटी का था।

शासन की ओर से नाई, दर्जी, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची, कुम्हार, लोहार, सुनार, बढ़ई सहित दस ट्रेड में लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की है। इसके तहत नाई ट्रेड के 50 लोगों को दिसंबर में दस दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। मानदेय के रूप में प्रत्येक प्रशिक्षु के खाते में पांच सौ रुपये दिए जाने थे लेकिन यह पैसा भी अब तक नहीं मिल है। टूल किट में तौलिया, शेविंग ब्रश, कैंची, लेजर, छोटा वाला ड्रायर, इलेक्ट्रिक सेविंग मशीन, शीशा और तीन कंघे हैं।


जिला उद्यम प्रोत्साहन केंद्र पर हंगामा करते लाभार्थी। ● अमृत विचार


ट्रेनिंग में बताया गया था टूलकिट में क्रीम, बाल काटने की मशीनें और बाकी उपकरण हैं। जब किट खोलकर देखी तो आधा सामान भी नहीं निकला। -**मो. आशिक**, भुता


बारिश में भीगी हुई घटिया टूलकिट दी गई हैं। लाभार्थियों को प्रशिक्षण का पैसा भी नहीं मिला। किट में क्रीम समेत कई जरूरी सामान नहीं थे। -**मो. समीर**, भुता


दिसंबर में कराई गई ट्रेनिंग का पैसा भी नहीं मिला है। टूल किट में शीशा, ब्रश समेत सारा सामान बेहद घटिया किस्म का निकला है। -**राजेंद्र प्रसाद**, सैदुपुर कुर्मियान


15 हजार का सामान किट में होना बताया गया, लेकिन बैग खोला तो आधी कीमत से भी कम का घटिया सामान देखकर दंग रह गए। -**चांद बाबू**, ग्राम मेहतरपुर करोड़

विश्वकर्मा सम्मान योजना में जो टूलकिट दी जाती है, उसकी गुणवत्ता का परीक्षण पहले ही कर लिया जाता है। अगर किट की गुणवत्ता ठीक नहीं है तो कार्यालय में शिकायत करें। इसकी जांच करा ली जाएगी। -**सर्वेश्वर शुक्ला**, संयुक्त आयुक्त उद्योग

## एक दिन की बच्ची को कंबल में लपेट कर फेंक दिया



**बरेली, अमृत विचार:** भोजीपुरा के एक गांव में एक दिन की बच्ची को कंबल में लपेटकर फेंक दिया गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर चाइल्ड लाइन को जानकारी दी और बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। बच्ची की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पुलिस बच्ची को फेंकने वालों का पता लगा रही है। मंगलवार को भोजीपुरा क्षेत्र के गांव कमुआ मकरुका में ग्रामीणों को एक स्कूल के मैदान में बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीण उधर गए तो कंबल में लिपटी एक दिन की बच्ची मिली। भोजीपुरा थाना प्रभारी जगत सिंह और धौराटांडा चौकी इंचार्ज संजीव यादव मौके पर पहुंचे और लोगों से जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने चाइल्ड लाइन को जानकारी देकर बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डाक्टरों ने जांच कर बच्ची को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चाइल्ड लाइन कोऑर्डिनेटर सौरव गंगवार ने बताया कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद बच्ची को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया जाएगा।

# बिजली चोरी रोकने के लिए पांच लाख कनेक्शनों पर लगेंगे आर्मर्ड केबल

- देहात के सभी उपभोक्ताओं के घरों पर मीटर ही नहीं, केबल लगाना होगा चुनौती

**बरेली, अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्र में करीब पांच लाख उपभोक्ताओं के घरों पर मीटर बाहर कर आर्मर्ड केबल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी शत प्रतिशत उपभोक्ताओं के घरों पर मीटर लगे हुए नहीं है ऐसे में सभी घरों पर आर्मर्ड केबल लगाना विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। फिलहाल शहर में आर्मर्ड केबल लगाने का काम चल रहा है। अधिकारी आर्मर्ड केबल लगने के बाद बिजली चोरी पर अंकुश की बात कह रहे हैं। शहर से लेकर देहात तक बिजली चोरी के चलते लाइन लॉस बढ़ने के कारण फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली चोरी रोकने के मकसद से शहर में इन दिनों घरों पर आर्मर्ड केबल लगाई जा रही हैं। अब देहात में भी पांच लाख उपभोक्ताओं के घरों पर आर्मर्ड केबल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों के सामने मुसीबत यह होगी कि अभी तक सभी उपभोक्ताओं के घरों पर मीटर ही नहीं लगवाए जा सके हैं। ऐसे में हर उपभोक्ता के घर पर आर्मर्ड केबल लगाना मुश्किल भरा हो सकता है। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि देहात क्षेत्र में भी आर्मर्ड केबल लगाने का योजना बनाई जा रही है। जल्द ही काम शुरु करा दिया जाएगा।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए युवक की मौत, मां भी झुलसी

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव धमीपुर में छत पर खड़े युवक का हाथ हाईटेंशन लाइन से छू गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं बेटे को बचाने पहुंची मां भी गंभीर रूप से झुलस गई। मां को सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर बरेली के निजी अस्पताल में रेफर किया गया।

- छत के ऊपर गुजर रही है लाइन, हाथ उठाते ही छू गया

गांव धमीपुर में शेर सिंह (35) के मकान के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। शेर सिंह मंगलवार शाम को छत पर खड़ा था कि उसका हाथ लाइन से छू गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बेटे की चीख सुनकर मां कुवारादेवी छत पर पहुंची तो शेर सिंह को तड़पता देखा। बेटे को बचाने की कोशिश में उन्हें भी करंट लग गया, जिससे गंभीर रूप से झुलस गईं।

# त्रिशूल एयरबेस से सौ मीटर दायरे में जमीन बेचने की अनुमति नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए त्रिशूल एयरपोर्ट की बाहरी सीमा से सौ मीटर के दायरे में जमीनों की खरीद-फरोख्त की अनुमति भी अब नहीं दी जा रही है। प्रशासन की ओर से आठ साल पहले इस परिधि में किसी नई गतिविधि पर रोक लगाई गई थी।

आजादनगर में रहने वाले गजेंद्र सिंह की जमीन चादर गांव के पास है। गजेंद्र जमीन बेचना चाहते थे लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी गई। इस पर उन्होंने 20 सितंबर 2023 को शासन में शिकायत की तो जांच का आदेश दिया गया। एसडीएम ने तहसीलदार सदर से जांच कराई तो उन्होंने रिपोर्ट दी कि डीएम की ओर से सात अप्रैल 2016 को जारी आदेश के मुताबिक त्रिशूल एयरबेस की बाहरी सीमा के सौ मीटर दायरे में सभी गाटा नंबरों पर आवासीय, व्यावसायिक निर्माण नहीं किया जा सकता। गजेंद्र की जमीन एयरबेस के सौ मीटर के अंदर है। इसलिए जमीन को बेचने की अनुमति नहीं दी जा सकती। बाकी बिंदु तहसील के क्षेत्राधिकार में नहीं आते हैं। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि त्रिशूल एयरबेस की बाहरी सीमा से सौ मीटर के दायरे में जमीन बेचने पर पाबंदी है।

## गबन रकम की वसूली नहीं, 22 फरवरी को लखनऊ तलब किए गए डीपीआरओ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यो ते ऑडिट में लाखों का हिसाब-किताब नहीं मिलने के मामले में डीपीआरओ को लखनऊ तलब किया गया है। वह ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण के पूरे ब्योरे के साथ जाएंगे।

मामला वित्तीय वर्ष 2015-16 का है। ग्राम पंचायत कादरगंज, लीलोर बुजुर्ग, मझौआ, मल्हपुर सबराह, रतनपुर नौडांडी, गरीबपुर, करीमगंज, छितौनिया, भिलैया, अखा, विशनपुर गुलड़िया में ऑडिट के दौरान 68 लाख रुपये के खर्च का हिसाब टीम को नहीं दिया गया था। विकास कार्यों के नाम पर बजट खर्च तो कर लिया, मगर बाद में बिल बाउचर प्रस्तुत नहीं किए। ऑडिट टीम ने तत्कालीन प्रधानों और पंचायत सचिवों को बार-बार अभिलेख प्रस्तुत करने का मौका दिया। जवाब नहीं देने पर पंचायत राज विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा गया। पंचायत राज विभाग की ओर से जवाब मांगने के बाद भी कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली। वसूली की चेतावनी के बाद भी सरकारी धन ग्राम पंचायतों के खाते में जमा नहीं किया गया है। इसी को लेकर 22 फरवरी को विधान सभा की समिति ने डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार को तलब किया है।

## रोडवेज बस में आग लगने की होगी जांच

**बरेली, अमृत विचार :** हादसे के बाद रोडवेज बस में आग किन कारणों से लगी, इसकी जांच विदयुत सुरक्षा निदेशालय करेगा। इस संबंध में बिजली विभाग ने निदेशालय को पत्र लिखा है। देवरिया डिपो की बस शनिवार रात शाहजहांपुर की तरफ से बरेली आ रही थी। बस में एक कंडेक्टर, दो ड्राइवर और 25 यात्री सवार थे। नरियावल के पास बस पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। 33 केवी लाइन टूटकर बस पर गिर गई। तार गिरने के बाद बस में करंट भी नहीं उतरा। एसडीओ नकटिया अमित सक्सेना ने बताया कि बस में आग लगने की मुख्य वजह अभी तक पता नहीं लग पाई है।

# मलिक का बरेली में भी जमीन विवाद से कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हल्द्वानी हिंसा के मास्टर माइंड पर पांच करोड़ का मुआवजा हड़पने का आरोप
- एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहीत जमीन का जालसाजी से बन बैठा था मालिक

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में हुई हिंसा का मास्टरमाइंड बताए जा रहे अब्दुल मलिक का बरेली के भी एक जमीन विवाद से कनेक्शन निकल आया है। मामला सिविल एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहीत जमीन का है। आरोप है कि अब्दुल मलिक इस जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर पांच करोड़ का मुआवजा हड़पने में कामयाब हो गया। जमीन की दूसरी दावेदार मुरादाबाद की निशा कई साल पुराने इस मामले में अब दोबारा प्रशासनिक कार्रवाई शुरू करने की तैयारी कर रही है।

मुरादाबाद के बिराली में रहने वाली निशा का कहना है कि अब्दुल मलिक जमीनों पर कब्जा करने का पुराना मास्टरमाइंड है। उनकी खरीदी गई एक जमीन की कीमत भी वह हड़प चुका है। यह जमीन उन्होंने फरवरी 2013 में बरेली के मुड़िया अहमदनगर के पास खरीदी थी, जिस पर बाद में सिविल एयरपोर्ट का निर्माण हुआ। निशा के मुताबिक उनके नाम आने से पहले इस जमीन के छह-सात लोग हिस्सेदार थे। उनके जमीन खरीदने के बाद अगस्त 2013 में एयरपोर्ट के लिए जमीन के अधिग्रहण की अधिसूचना जारी हो गई। इसी दौरान उन्हें सिविल कोर्ट से एक नोटिस जारी किया गया जिसमें कहा गया कि उन्हें जिन लोगों ने जमीन बेची है, उनके पूर्वज कई साल पहले ही उस जमीन की वसीयत अब्दुल मलिक के नाम कर चुके हैं।

निशा के मुताबिक यह विवाद शुरू होने के बाद मामला कोर्ट में चला गया। इस वजह से जमीन का करीब पांच करोड़ का मुआवजा भी अटक गया। भूमि अधिग्रहण अधिकारी ने दोनों पक्षों से शपथपत्र लिया कि जिसके पक्ष में फैसला होगा, उसी को मुआवजे की धनराशि दी जाएगी। निशा का आरोप है कि अदालत का फैसला आने से पहले ही कोरोना काल में अब्दुल मलिक ने फर्जी कागजों के आधार पर खुद को भूस्वामी साबित करने में कामयाब हो गया और जमीन का सरकार के नाम बैनामा कर मुआवजा हड़प लिया था। निशा का कहना है कि कानूनी दावपेंच की समझ न होने के कारण वह वक्त शांत बैठ गई थीं। लेकिन अब इस मामले में जांच और न्याय के लिए कमिश्नर और डीएम से शिकायत करेंगी।

## सार-संक्षेप

### काइट मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने जीते पुरस्कार



**बरेली, अमृत विचार :** स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रिज स्कूल में मंगलवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों ने काइट मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ. कृष्ण अवतार वार्ष्णेय ने प्रतियोगिता की शुरुआत की। प्रतियोगिता में प्रीएनसी की छात्रा गाफरा ने प्रथम , जाज़ा खान ने द्वितीय , शिजा फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नर्सरी में छात्र पर्व संतोषी ने प्रथम,अरहान खान ने द्वितीय, जान्हवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। केजी में प्रणीत कृष्ण वार्ष्णेय ने प्रथम, सायशा गुप्ता ने द्वितीय, आकृति भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वेदांश गुप्ता, मनवय भाटिया, मेधांश को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मण्डल में वरिष्ठ शिक्षक अवधेश सक्सेना व कम्प्यूटर शिक्षिका पूजा शर्मा रहीं। विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार दिए गए। प्रधानाचार्या मिथलेश वावार्ष्णेय, कोऑर्डिनेटर डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय, डॉ. प्रतीक्षा वार्ष्णेय, साधना चौहान, हिमांशी राजपाल, रश्मि त्रिपाठी, रिम्पी सक्सेना, पुष्पा बोरा, हेमलता सक्सेना, हेमा सक्सेना, शिवांगी सक्सेना, पियूष सिंह, प्रियंका पाराशरी, ज्ञानेश्वर आचार्य मौजूद रहे।

### रेलवे की सिग्नल केबल चोरी करते दबोचा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन थाना आरपीएफ ने सिग्नल केबल चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ रेल संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि बरेली कैंट स्टेशन के पीछे स्पेयर में पड़े सिग्नल को चोर काट रहा है। जिसके बाद एएसआई ओमपाल सिंह और कॉन्सटेबल अतवीर सिंह मौके पर पहुंचे तो 19 कोर की 10 मीटर केबल काटते हुए निजामुद्दीन निवासी गांव चनेहटा थाना कैंट को गिरफ्तार किया। बरामद केबल की अनुमानित कीमत करीब 6000 रुपये है।

### 50 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**सीबीगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने दबिश देकर 50 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि गोविंदापुर सनौआ रोड पर सुन्दरासी घुंसा की ओर नहर के रास्ते पर तीन संदिग्ध युवकों के खड़े होने की सूचना मिली। पुलिस टीम को देखते ही तीनों भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने उन्हें दबोचा लिया। आरोपियों की पहचान प्रेम शंकर लाल, युसूफ खान और चांद बाबू निवासी गोविंदापुर के रूप में हुई। इनके पास से कच्ची शराब बरामद हुई है।

### दो दिन में आठ लाख लोगों ने खाई फाइलेरियारोधी दवा

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। दो दिन में करीब आठ लाख से अधिक लोगों को फाइलेरियारोधी दवा खिलाई गई है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि अभियान में आशा, स्वास्थ्यकर्मी और मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों का सहयोग किया जा रहा है। भमोरा में 78, 474, नवाबगंज में 55,401, बिथरी चैनपुर में 46,310, बिथरी में 42,933, कुआंडांडा में 42,027, फतेहगंज पश्चिमी में 41, 300 भोजीपुरा में 40,229 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जन सामान्य से भी अभियान का हिस्सा बन सहयोग करने की अपील की गई है।

### अल्पकालीन प्रशिक्षण के लिए आवेदन 1 मार्च तक

**सीबीगंज , अमृत विचार :** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राजकीय पालीटेक्निक में स्किल हब इनिशिएटिव में निशुल्क अल्पकालीन प्रशिक्षण के लिए प्रवेश लेने की अंतिम तिथि एक मार्च निर्धारित की गई है। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने बताया कि आयरन एंड स्टील, कैपिटल गुड्स स्किल काउंसिल, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि ट्रेड में अल्पकालीन प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए हाईस्कूल, इंटर और आईटीआई उत्तीर्ण होना जरूरी है। तय तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति 75 प्रतिशत और एनएसडी एग्जाम पास करना जरूरी है।

### प्रधान पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के रामपाल ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर गांव के प्रधान पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्रधान उन्हें छह महीने से परेशान कर रहा है। घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस काम में प्रधान के दो दोस्त उनका साथ दे रहे हैं। जनसुनवाई कर रहे अधिकारियों ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### गोतस्कर के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** गोतस्करी और गोकशी के आरोपी नन्हेलाल के खिलाफ एडीएम प्रशासन न्यायालय से जिला बदर की कार्रवाई की गई है। भुता थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि नन्हेलाल के खिलाफ गोवध अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट और अन्य धाराओं के चार मुकदमे थाना भुता में पंजीकृत हैं। आरोपी लाड़पुर गांव का रहने वाला दबंग है। आए दिन क्षेत्र में गोकशी जैसे अपराध करता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खौफ के कारण कोई भी उसके खिलाफ गवाही नहीं देता है। आरोपी को तीन माह के लिए जिले की सीमा से बाहर किया गया है।

### तालाब पर कब्जे की डीएम से शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर के करमपुर निवासी फरियाद खां ने डीएम से तालाब पर कब्जा होने की शिकायत की है। उन्होंने शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कुछ लोग तालाब की भूमि पर कब्जा करने में जुटे हैं। बताया कि थाना दिवस में शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने तालाब पर कब्जा रोकने की मांग की है।

### कन्या महाविद्यालय में बांटे जाएंगे स्मार्ट फोन

**बरेली, अमृत विचार :** आर्य समाज भूड़ कन्या महाविद्यालय में 16 फरवरी को योजना के तहत निशुल्क स्मार्ट फोन का वितरण किया जाएगा। इसके लिए 60 छात्राओं का चयन किया जा चुका है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रेनू, उप समन्वयक डॉ. कुमुद प्रभाकर, डॉ. रीता मौर्या, डॉ. स्वाती आनंद, डॉ. अनीता वर्मा, निधि सोनकर, डॉ. विनीता सिंह मौजूद रहीं।

# ओवरलोड ट्रांसफार्मरों का ख्याल नहीं, गर्मियों की तैयारी का दावा

## सर्दी में भी आठ सौ से ज्यादा ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने से कटौती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 47 हजार ट्रांसफार्मरों से छह लाख से अधिक उपभोक्ताओं को मिल रही बिजली

**अमृत विचार:** सर्दी में भी जिले में ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर हांफ रहे हैं और लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 47 हजार ट्रांसफार्मरों से 6 लाख से अधिक उपभोक्ताओ को बिजली आपूर्ति दी जा रही है। आठ सौ ट्रांसफार्मरों पर क्षमता से अधिक लोड है इनमें भी 25 और 63 केवी के ट्रांसफार्मर सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

जाड़ों में उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है और अफसर गर्मियों की तैयारियों का दावा कर रहे हैं। बेहतर बिजली आपूर्ति का दावा करने वाले अधिकारी ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोडिंग कम नहीं कर पा रहे हैं। अधिकारियों का ही मानना है कि 800 से अधिक ट्रांसफार्मर ओवरलोड हैं। इनमें सर्वाधिक प्रभावित ट्रांसफार्मर 25 और 63 किलोवाट के हैं। इससे उपभोक्ताओं को सही ढंग से बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। उन्हें परेशानी से जूझना पड़ रहा है।



ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की वजह से आए दिन फाल्ट होते रहते हैं। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि ओवरलोड ट्रांसफार्मर चिह्नित कर लोड बढ़ाने का काम तेजी से कराया जा रहा है, ताकि गर्मी में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

### शटडाउन : शहर के कई इलाकों में बिजली गुल

कुतुबखाना पुल निर्माण को लेकर मंगलवार को सरायखाम, आजमनगर, पुराना बस अड्डा, पंजाबी मार्केट और गोल मार्केट में सुबह 11 से लेकर 3 बजे तक का शटडाउन रहने से बिजली आपूर्ति गुल रही। इसके अलावा नैनीताल रोड और गांधीनगर में कंडक्टर चेंज करने को लेकर दोपहर 12 से लेकर शाम चार बजे तक शटडाउन लिया गया। डेलापीर और आईबीआरआई रोड पर यूजी केबिल डालने के लिए सुबह 11 से शाम 3 बजे तक आपूर्ति बाधित रही। जनकपुरी और जोगीनवादा फीडर पर भी अनुरक्षण काम को लेकर कई घंटे आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों को परेशानी हुई।

## हृदयगति रुकने से पुलिस लाइन में तैनात दरोगा की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में तैनात दरोगा की मंगलवार को अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन और साथी उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हृदय गति रुकने से मौत होने की आशंका जताई गई है।

आरआई हरमीत सिंह ने बताया कि दरोगा देवेन्द्र सिंह मुजफ्फरनगर जिले के अलीपुरा थाना क्षेत्र के गांव भोपा के रहने वाले थे। वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। पुलिस लाइन के आवास में पत्नी नीलम और बेटी के साथ रहते थे। उनका बेटा बाहर रहता है। मंगलवार शाम 4.15 बजे उनके सीने में दर्द उठा। परिजन और पुलिस कर्मी देवेन्द्र सिंह को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। देवेन्द्र सिंह वर्ष 1990 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। अगस्त 2023 में तबादला होने पर उनकी यहां तैनाती हुई थी। प्रतिसार निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव उनके पैतृक गांव भेजा जाएगा।

# रुविवि परिसर की दीवार तोड़ कर दुकान बनाने की कोशिश



अवैध निर्माण की सूचना पर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चीफ प्रॉक्टर और सुरक्षा प्रभारी ने मौके पर पहुंच सामान किया जब्त

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर की डोहरा चौराहा पर दीवार तोड़कर दुकान बनाई जा रही थी। अतिक्रमण करने वाले ने नई दीवार भी बनाना शुरू कर दी। चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह ने सुरक्षा प्रभारी सुधांशु की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन दीवार गिरा दी और सामान जब्त कर लिया। मौके पर पुलिस को भी बुलाया गया। सुरक्षा प्रभारी ने बारादरी थाना में तहरीर दी है।

सुरक्षा प्रभारी ने बताया कि डोहरा चौराहा पर छात्रावास परिसर की दीवार तोड़ दी गई। इसके बाद इस पर नई दीवार खड़ी कर दुकान बनाई जा रही थी।

दोपहर में सूचना मिली तो कुलपति के निर्देश पर चीफ प्रॉक्टर और परीक्षा नियंत्रक की मौजूदगी में मौके पर गए और अवैध निर्माण को रुकवाया और सामान जब्त किया। अवैध निर्माण शिव गार्डन निवासी व्यक्ति करा रहा था। वह मौके से फरार हो गया।

## सुनवाई न होने पर स्वच्छताग्रहियों ने धरने में शामिल होने का किया एलान



डीपीआरओ को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** मांगों को लेकर जिले के स्वच्छताग्रहियों ने मंगलवार को एक बार फिर डीपीआरओ को ज्ञापन सौंपा। सुनवाई न होने पर राजधानी में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में शामिल होने का एलान किया।

ज्ञापन में कहा कि मुख्यमंत्री ने चार माह पहले स्वच्छताग्रहियों को सम्मानजनक मानदेय देने की बात कही थी। इसके लिए प्रदेश स्तरीय कमेटी गठित हुई थी, मगर अभी तक विभाग की ओर से इस दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। डीपीआरओ ने बताया कि इस संबंध में अभी कोई आदेश नहीं आया है। ग्रामीण स्वच्छताग्रही कर्मचारी संघ के नेमचंद, ओमपाल, राजकुमार, ऊषा देवी आदि मौजूद रहे। इससे पहले सोमवार को स्वच्छताग्रहियों ने ब्लाक पर ज्ञापन दिया था।

## आंवला में जीएसटी टीम ने दुकान का किया निरीक्षण

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला में जीएसटी के सचल दल और एसआईबी ने एक दुकान पर निरीक्षण किया। टीम के पहुंचने पर व्यापारियों में खलबली मच गई। टीम ने शाम तक जांच की। टीम दिनभर जांच में जुटी रही।

रामनगर रोड स्थित उमेश कुमार संजीव कुमार की सरिया सीमेंट की दुकान पर दोपहर करीब एक बजे जीएसटी की टीम पुलिस बल के साथ पहुंच गई। टीम ने अभिलेख कब्जे में लेकर स्टॉक और अन्य अभिलेखों का भौतिक सत्यापन किया। डिप्टी कमिश्नर राजीव पाण्डेय ने बताया कि अभी जांच की जा रही है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। टीम में वेदप्रकाश मिश्रा, वेदप्रकाश शुक्ला, परमहंस यादव, इंद्रजीत सिंह, अभिषेक शुक्ला, आदि मौजूद रहे।



विकास की लहर का दावा है, मगर जिला अस्पताल में सीवर का पानी ले रहा है हिलोरें। ● अमृत विचार

## महिला का बैग लूटने के दोषी को 76 महीने की कैद

**विधि संवाददाता, बरेली:** महिला का बैग लूटने के सात साल पुराने मामले में सुभाषनगर अंगूरी टाण्डा निवासी रवि उर्फ रविया ने एसीजेएम प्रथम कोर्ट के समक्ष जुर्म कबूल लिया। कोर्ट ने 6 वर्ष 4 माह के कारावास व 2500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। देवरनिया निवासी मो. वसीम ने 27 मई 2017 को थाना भोजीपुरा में तहरीर देकर बताया था कि रवि ने उनकी पत्नी का हैंड बैग लूट लिया जिसमें 5 हजार रुपये व सोने की अंगूठी थी। सजा दिलवाने में अभियोजन अधिकारी नीलेश सिंह, कोर्ट मोहर्रिर जितेंद्र कुमार, पैरोकार कांस्टेबल सुभम आदि का योगदान रहा।

### हमले के मामले में तीन भाइयों को तीन वर्ष कैद

**विधि संवाददाता ,बरेली :** 14 वर्ष पूर्व दुकानदार को लाठियों से पीटकर हाथ में फ्रैक्चर व पत्नी को घायल करने के मामले में बारादरी एजाज नगर गौंटिया निवासी तीन भाई सरफराज, इकबाद, शादाब को एसीजेएम प्रथम कोर्ट ने तीन-तीन वर्ष कारावास व 1500-1500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वादी अब्दुल हसन ने थाना बारादरी में तहरीर देकर बताया था कि मुल्जिमान ने दुकान पर आकर लाठियों से मारपीट की। जिससे उनके दाहिने हाथ में फ्रैक्चर आ गया उनकी पत्नी को भी घायल कर दिया। अभियोजन अधिकारी पूनम उपाध्याय आदि ने मुल्जिमान को सजा दिलाने में योगदान दिया।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म के आरोपी बदायूं के ग्राम परसुरा निवासी रमनपाल की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट अभिषेक कुमार चतुर्वेदी ने खारिज कर दी। पीड़िता के परिजनों ने थाना भमौरा में तहरीर देकर बताया था कि 27 अगस्त 2016 को नाबालिग बेटी को आरोपी बहला फुसलाकर ले गया था। पीड़िता ने अपने बयान में कहा था कि दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे और मर्जी से शादी करके साथ रहे। सरकारी वकील कुलदीप श्रोत्रिय ने आरोपी का आपराधिक इतिहास कोर्ट में पेश कर जमानत अर्जी खारिज किये जाने की याचना की थी।

### किशोरी संग छेड़खानी में दो की जमानत अर्जी निरस्त

**विधि संवाददाता, बरेली :** किशोरी संग छेड़खानी के आरोपी थाना भुता के ग्राम इस्माईलपुर निवासी सादिक हुसैन, तसलीम उर्फ आरिफ की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट हरि प्रकाश गुप्ता ने खारिज कर दी। विशेष लोक अभियोजक राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना भुता में तहरीर देकर बताया था कि 27 जुलाई 2023 को सुबह 10 बजे उनकी पुत्री खेत पर चारा लेने जा रही थी। रास्ते में सादिक हुसैन, तसलीम व यामीन ने रोक लिया और गलत नियत से जमीन पर गिराकर छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया।

# पांच साल बाद मिला पति तो डबडबा गईं आंखें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** झारखंड का रहने वाला युवक मानसिक मंदित होने के चलते पांच साल पहले परिवार से भटक गया था। परिजनों ने बहुत तलाश किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। दो माह पहले वह बिथरी चैनपुर क्षेत्र में भटकते मिले। मनोसमर्पण पुनर्वास केंद्र पर काउंसिलिंग के बाद युवक ने अपना पता बताया। इसके बाद परिवार के लोगों को सूचना दी गई। मंगलवार को उनकी पत्नी अपने बेटे के साथ पति को लेने पहुंची। लंबे समय बाद पति को देख उनकी आंखें छलक उठीं।

31 दिसंबर 2023 को अलाउद्दीन बिथरी चैनपुर के नेशनल हाईवे पर भटक रहे थे। उन्हें मनोसमर्पण पुनर्वास केंद्र के लीगल एडवाइजर रजत बिंदल ने थाना बिथरी चैनपुर पुलिस की मदद से रेस्क्यू कर पुनर्वास केंद्र में शिफ्ट किया। यहां देखभाल व उपचार किया गया। सोशल वर्कर मुकुल ने अलाउद्दीन की काउंसलिंग की तो उन्होंने अपना पता बताया। उनके बताए गए पते के अनुसार झारखंड के जिला धनबाद



पति के साथ पत्नी और बेटा।

- मानसिक मंदित होने के चलते लापता हो गए थे झारखंड के अलाउद्दीन
- मनोसमर्पण पुनर्वास केंद्र ने काउंसिलिंग के बाद परिवार से मिलाया

के थाना चिरकुंडा पुलिस से संपर्क किया गया। इसके बाद अलाउद्दीन के परिवार से बात कर बरेली में होने की जानकारी दी गई। इसके बाद उनकी पत्नी परवीन निशा बेटे अब्दुल हमीद को लेकर बरेली पहुंचीं। मनोवैज्ञानिक शैलेश शर्मा ने कहा अलाउद्दीन की मानसिक स्थिति व स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ है। बहरहाल मंगलवार को अलाउद्दीन को पत्नी-बेटे के सुपुर्द कर दिया गया।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे, छह लोग घायल

**बरेली, अमृत विचार :** एक मोहल्लों में दो पक्षों में गाली गलौज के बाद जमकर लाठी डंडे चले। इसमें छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला गणेशनगर की गली नंबर आठ में रहने वाले रामप्रकाश ने बताया कि 11 फरवरी को छोटा भाई राजेश चाऊमीन का ठेला लेकर रात को घर आ रहा था। रास्ते में गली का ही कुलदीप मिल गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर कुलदीप, सचिन, गौरव और मीना लाठी डंडे लेकर आ गईं और घर में घुसकर हमला कर दिया। मारपीट में भाई, मां हेमवती, पत्नी नीरज और वह खुद घायल हो गए। आरोपियों ने जातिसूचक गालियां दीं। पुलिस ने जानलेवा हमला और एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दूसरे पक्ष के कुलदीप का आरोप है कि रामप्रकाश उनसे रंजिश रखते हैं। रात को जब वह घर आ रहे थे, तब रामप्रकाश, उसके भाई राजेश, चचेरे भाई शिवम ने हमला कर दिया। उसके पक्ष के दो लोग घायल हो गए हैं।

# शहर में बन रहीं बहुमंजिली इमारतें, फायर ब्रिगेड की पहुंच सिर्फ दूसरी मंजिल तक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दोमंजिल से ऊंची इमारत में लगी आग तो कुछ नहीं कर पाएगा
- मुख्यालय से अभी तक नहीं मिला हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म

**अमृत विचार :** शहर स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो रहा है। एक के बाद एक ऊंची इमारतें बन रही हैं। स्मार्ट सिटी के अनुरूप ही हर विभाग संशाधन जुटाने में लगा है लेकिन, फायर ब्रिगेड एक कदम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। फायर ब्रिगेड के पास इस समय जो संशाधन हैं उससे दूसरी मंजिल तक ही आग बुझाई जा सकती है। इससे ऊपर की मंजिलों में आग लगी तो फायर ब्रिगेड कर्मचारियों का पसीना छूट जाएगा।

बजह है कि अग्निशमन विभाग के पास संसाधनों की भारी कमी है। मौजूदा समय में विभाग के पास जो वाहन और संसाधन हैं उससे सिर्फ 30 फीट यानी दूसरी मंजिल तक ही आग बुझाई जा सकती है। इससे ऊपर की मंजिलों के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की जरूरत होती है जो विभाग के पास नहीं है। सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा ने हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म को बेहद जरूरी बताकर मुख्यालय को पत्र भी लिखा लेकिन, उस पत्र पर अभी कोर्ठ कार्यवाही नहीं हुई। ऐसे में अगर तीसरी या उससे ऊपर की मंजिलों पर आग लगती है तो मुसीबत हो जाएगी।

### मुख्यालय जल्द करेगा विभाग को संसाधनों से लैस

सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा ने बताया कि मौजूदा संसाधनों से सिर्फ दो मंजिल तक आग को बुझाया जा सकता है। जल्द ही सरकार 15वें वित्त आयोग के तहत विभाग को बजट जारी करेगी। इस बजट से फायर विभाग को हाइटेक संसाधनों से लैस किया जाएगा। अभी विभाग के पास 8 हजार लीटर क्षमता वाले वाटर बाउजर हैं। जल्द ही 18 हजार लीटर क्षमता वाले वाटर बाउजर मिलेंगे। साथ ही फायर हाइड्रोलिक प्लेटफार्म समेत अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

### हाइड्रोलिक प्लेटफार्म की कीमत 10 से 12 करोड़

सीएफओ चद्रमोहन शर्मा ने बताया कि फायर हाइड्रोलिक प्लेटफार्म की कीमत करीब 10 से 12 करोड़ रुपये होती है। इसके लिए कई जनपदों से मांग की गई है। मुख्यालय थोड़े समय बाद सभी को मुहैया कराएगा। संभावना है कि 15वें वित्त आयोग के तहत रीलिज होने वाले रुपयों से इसे खरीदा जाएगा। इसके बाद 10वीं मंजिल तक आग को काबू करने में सहूलियत हो जाएगी।

> मौजूदा समय में सिर्फ दो मंजिल तक आग बुझाने के संसाधन हैं। मुख्यालय से जल्द हाइटेक संसाधनों से सभी फायर स्टेशन को लैस किया जाएगा। फायर हाइड्रोलिक प्लेटफार्म के लिए मुख्यालय को पत्र लिखा गया है जो 15वें वित्त आयोग से मिलने वाले बजट से खरीदी जा सकती है।
>
> **- चंद्रमोहन शर्मा**, सीएफओ बरेली

### तंग गलियों के लिए सिर्फ तीन बाइकें

जिले में सभी फायर स्टेशनों पर दमकल की छोटी-बड़ी कुल 14 गाड़ियां हैं। एक रेसक्यू वैन है, इसके अलावा तीन बाइकें हैं जो तंग गलियों में आग बुझाने के लिए काफी मुफीद होती हैं। शहर और बाजार जिस तरह विकसित हो रहा है उसमें तीन बाइकें बेहद कम हैं। किसी गली में बड़ी आग लग गई तो विभाग के पास ऐसा कोई अन्य साधन नहीं है जिससे गलियों में पहुंचकर आग पर काबू पाया जा सके।

## एनएसएस शिविर में मतदान के लिए किया जागरूक

**आंवला, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एमपी सिंह ने स्वयंसेवियों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के पालन करने के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवियों ने रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवियों में प्रशांत, सोहित, रामध्वज, सचिन, नरेश खंडूजा, आशीष, अनामिका, अपूर्वा, खुशी, अंशिका, तनु, कसक, आरती, सपना, आदि शामिल रहे। शिक्षकों में प्रोफेसर सचिन अग्रवाल, प्रोफेसर अर्चना पाण्डेय, प्रोफेसर देवीशरण, प्रोफेसर हिमांशु श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा का बढ़ा कुनबा, 235 लोगों ने ली सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। जोड़तोड़ की राजनीति भी शुरू हो गई है। सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय में दूसरे दलों के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों समेत करीब 235 लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया।

मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर विधानसभा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि भाजपा में सभी का सम्मान बराबर है। सबका साथ, सबका विकास पर पार्टी काम करती है। सभी लोग पूरी निष्ठा के साथ जुड़कर पार्टी को मजबूत करें। सांसद संतोष गंगवार ने पार्टी में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि उनका पूरा सम्मान होगा और पार्टी को मजबूती मिलेगी। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि भाजपा



भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के दौरान कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष, सांसद, मेयर, विधायक और संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- विधानसभा मिलन समारोह में भाजपा में शामिल हुए दूसरे दलों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, पार्षद

सरकार में बिना भेदभाव सभी का कार्य होता है। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कई सपा नेता, कार्यकर्ता, पूर्व पार्षद, कुछ निर्दलीय पार्षद व समाजसेवी भाजपा में शामिल हुए। शहर विधानसभा क्षेत्र से 165 और कैंट क्षेत्र से 70 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने सभी लोगों को सदस्यता दिलवाई। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने पटका और माला पहनाकर स्वागत किया।

सदस्यता अभियान के संयोजक उमेश कठेरिया, गुलशन आनंद, अनिल कुमार, डॉ. सीपीएस चौहान, प्रतेश पांडे, प्रभु दयाल लोधी, तृप्ति गुप्ता, रेखा श्रीवास्तव, विष्णु शर्मा, बंटी ठाकुर, देवेंद्र जोशी, सूर्यकांत मौर्य, योगेंद्र शर्मा, अनीस व अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### सेंधा गांव से दो भैंस चोरी पुलिस से शिकायत

**भमोरा, अमृत विचार :** क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं। सोमवार देर रात थाना क्षेत्र के गांव सेंधा निवासी प्रधान गिरीश चंद्र के घर के बराबर में बने घेर में दो भैंसे बंधी हुई थी जिन्हें कोई चुरा ले गया, जिनकी कीमत लगभग 1.5 लाख रुपये है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इससे पहले हजरतपुर निवासी अख्तर अली की दो भैंसे चोरी हुई थी। वहीं 27 दिसंबर को बरेली बदायूं रोड पर नकटपुर मोड़ के पास इलेक्ट्रॉनिक की दुकान का शटर काट कर लाखों का सामान चोरी हुआ था। इसके साथ ही क्षेत्र में हुई अन्य चोरियों का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई, इस वजह से लोगों में आक्रोश हैं।

### घर में घुसकर दबंग ने लड़कियों से की मारपीट

**देवरनियां, अमृत विचार :** एक दबंग ने पड़ोसी के घर में घुसकर उसकी लड़कियों से मारपीट की। साथ ही धमकी दी कि यदि पुलिस से शिकायत की तो तुम्हे बदनाम कर देंगे। पीड़ित युवक ने देवरनियां पुलिस से इसकी शिकायत की है। देवरनियां क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का कहना है, कि सोमवार को वह अपनी बेटियों को डांट रहा था, तभी पड़ोसी अपने भाई के साथ लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आया, और गाली देने लगा, उसने जब विरोध किया तो आरोपी मारपीट करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने उसकी बेटियों की लाठी- डंडों से पिटाई की, जिससे वह घायल हो गई। पीड़ित का कहना है, आरोपी अपने आप को पत्रकार बताता है और कहता है अगर तूने इसकी शिकायत पुलिस से की तुझे बदनाम कर दूंगा।

### श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम, आज होगा भंडारा

**कैंट, अमृत विचार :** बुखारा मोड़, बदायूं रोड स्थित वृद्धाश्रम में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिन मंगलवार को आचार्य वृषभानु दास महाराज ने राजा जरासंध और श्रीकृष्ण के प्रसंग सुनाए। वृद्धाश्रम में बुधवार को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को कथा सुनने के दौरान सुरेश दुबे, प्रत्युष प्रकाश, सांभवी, अवधेश सिंह, संजय सिंह, शिव सिंह, विमल सिंह, आर्यवीर, कांता गंगवार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में आज बाधित रहेगी बिजली सप्लाई

**फरीदपुर अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड विद्युत वितरण खंड बरेली द्वितीय बुधवार को विद्युत खंड द्वितीय बरेली के क्षेत्र अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र फरीदपुर ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित 11 केवी लाइनों पर अनुरक्षण एवं पुरानी और खराब बीसीबी बदलने संबंधी कार्य किया जाना है उप केंद्र फरीदपुर ग्रामीण की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से प्रातः 10 :00 बजे से 5 :00 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने दी।

### मनचले ने महिला से की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज, अमृत विचार :** मनचले ने खेत से लौट रही महिला से छेड़छाड़ की, पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी राजीव ने उससे छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर ग्रामीणों को आते देख वह धमकी देता हुआ भाग गया। महिला का आरोप है कि इससे पहले भी वह उससे छेड़छाड़ कर चुका हैमहिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवती को भगाने के आरोप में युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि रविवार की रात करीब 11 बजे एक युवक उसकी 19 वर्षीय बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया। युवती के पिता ने पीलीभीत के बीसलपुर निवासी प्रवीन पुत्र राजकुमार के खिलाफ कैंट थाने में बेटी के किसी भी प्रकार की अनहोनी की आशंका जताते हुए सोमवार देर रात बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस युवती की तलाश में जुट गई है।

# इफको के अफसरों ने 280 किसानों को माना भूदाता, सिर्फ 21 को दिया रोजगार

## इफको प्रबंधन के खिलाफ किसानों का धरना जारी, झूठे तथ्य बताने का भी आरोप

संवाददाता,आंवला

**अमृत विचार :** किसानों का आरोप है कि इफको प्रबंधन ने 13 महीने पहले हुए समझौते में 280 किसानों को भूदाता मानते हुए रोजगार देने का वादा किया था लेकिन सिर्फ 21 को ही रोजगार दिया। हालांकि अफसर 34 किसानों को रोजगार दिए जाने का दावा कर रहे हैं।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेतृत्व में किसान इफको पर वादा खिलाफी समेत विभिन्न मांगों को लेकर तहसील मुख्यालय के सामने पांच दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सुनवाई न होने से नाराज किसानों ने 15 फरवरी को महापंचायत बुलाने का एलान किया है। किसान नेता ओमशंकर सक्सेना ने बताया कि भूदाता इफको में रोजगार पाने के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। 13 माह तक लगातार धरना प्रदर्शन करने के बाद रोजगार देने के लिए सहमत हुए थे। लिखित समझौता होने के बाद अपने वादे से मुकर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इफको अधिकारियों ने 280 किसानों को भूदाता माना है। परंतु धरना समाप्त होने के 13 माह बाद भी रोजगार नहीं दिया है। इफको अधिकारियों ने एसडीएम के समक्ष 34 किसानों को रोजगार देने की सूची सौंपी है, वो गलत है। इफको की 34 किसानों की सूची में 13 किसानों को अभी तक रोजगार नहीं मिला है। 13 लोग पहले से काम कर रहे हैं। संख्या पूरी करने के लिए एक किसान को सूची में दो जगह दर्शाया गया है।

उन्होंने इफको अधिकारियों पर जानबूझकर किसानों को रोजगार न देने और झूठे तथ्य प्रस्तुत करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मांग करते हुए बताया कि किसान संगठन की ओर से दी गई सूची के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। निरंतरता बनाए रखने के लिए टाइम आफिस से जॉब कार्ड जारी किए जाएं। और योग्यता के आधार पर किसानों को रोजगार मुहैया कराया जाए। वहीं इफको अधिकारी 60 किसानों को मार्च तक रोजगार देने का आश्वासन दे चुके है।



इफको प्रबंधन से रोजगार की मांग को लेकर तहसील के बाहर डटे किसान। ● अमृत विचार

### छुट्टा पशुओं के खिलाफ धरना आश्वासन पर स्थगित

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** ब्लॉक मुख्यालय पर छुट्टा पशुओं और जांच में दोषी पाए जाने के बाद कार्रवाई न होने से परेशान किसान भाकियू के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अगले तीन दिन में कार्रवाई के आश्वासन के बाद एसडीएम ने भूख हड़ताल पर पिछले दो दिन से बैठे तहसील अध्यक्ष सुधीर बालियान को चाय पिलाकर धरना स्थगित कराया। क्षेत्र में घूम रहे पशु किसानों की फसल को बर्बाद करने और पिछले समय विकास खंड के कई गांव में विकास कार्य की जांच के दौरान पाए जाने वाले दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई नही होने से नाराज भाकियू कार्यकर्ता पिछले पांच दिनों से ब्लॉक मुख्यालय प्रांगण में भूख हड़ताल पर बैठकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। मंगलवार को शाम के समय एसडीएम देश दीपक सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने सीडीओ से भाकियू कार्यकर्ताओं की बात कराकर अगले तीन दिन में पशुओं को पकड़ने और कुरतरा की शमशान भूमि की साफ-सफाई कल यानी बुधवार को कराना शुरू कर दी जाएगी। और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर भूख हड़ताल पर बैठे सुधीर बालियान को चाय पिलाकर धरना खत्म करा दिया।

## कच्ची दीवार गिरने से युवक की मौत परिवार में मातम

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** कच्ची दीवार तोड़ने के दौरान घर में रखी लकड़ी निकालने गया युवक दीवार के मलबे में दब गया। चीख - पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद मलबे से उसे निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से घर में हड़कंप मच गया।



प्रमोद।

क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव मौजम नगला ठाकुर दास के राम नरेश का 19 वर्षीय बेटा प्रमोद कुमार मोटर मैकेनिक है। वह अपने मकान की कच्ची दीवार तोड़ रहा था, मकान के अंदर कुछ लकड़िया रखी हुई थी अंदर लेने गया, अचानक कच्ची दीवार उसके ऊपर गिर गई, जिससे वह दब गया। उसे मलबे में दबा देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने मलबे में दबे युवक को निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। युवक की मौत से गांव में सन्नाटा पसर गया। मृतक युवक सात भाई -बहनों में सबसे छोटा था, परिजनों ने गांव के श्मशान भूमि में उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं जवान बेटे के मौत से घर में मातम का माहौल है।

## कैंट में शंकर चौराहे पर अब नहीं खड़े होंगे ऑटो रिक्शा

संवाददाता, कैंट

खबर का असर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के शंकर होटल चौराहे पर दिनभर ऑटो रिक्शा इधर उधर खड़े रहने से वहां से गुजरने वालों को परेशानी होती है। कई बार दोपहिया वाहन सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। पिछले दिनों अमृत विचार ने मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

मामले को संज्ञान में लेते हुए छावनी परिषद के सीईओ रविंद्र ने मंगलवार को टीम भेजकर ऑटो चालकों को वहां से हटाया। ऑटो चालक एकत्र होकर छावनी कार्यालय पहुंचे। सीईओ ने ऑटो चालकों को चौराहे पर ऑटो न खड़ा करने को निर्देशित किया है। सीईओ ने कहा है कि कोई भी ऑटो नो पार्किंग जोन में खड़ा नहीं किया जाएगा। अगर नो पार्किंग जोन में ऑटो रिक्शा खड़े पाए गए तो ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऑटो को कैंटोमेंट जनरल अस्पताल के सामने खाली पड़ी जगह में पार्क किया जाना चाहिए, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### राकेश बने सर्व वैश्य समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष

**नवाबगंज , अमृत विचार :** सर्व वैश्य समाज कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य विभु गुप्ता के निर्देशन में हुए संगठनात्मक चुनाव में राकेश गुप्ता पेंट को संगठन का अध्यक्ष, राजीव गुप्ता को महामंत्री और दीपक गहाई को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उमेश गुप्ता और शरद गुप्ता को कार्यकारिणी सदस्य व अजीत गुप्ता एवं संतोष गुप्ता को संरक्षक घोषित किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य विभु गुप्ता ने वैश्यों को अपने विभिन्न उपजातिगत बंधनों को त्याग कर एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि इन बंधनों से हटकर एकजुट होने में ही वैश्य समाज का हित निहित है।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी फरीदपुर विकास कुमार ने नगर के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया, उन्होंने मिड डे मील को से चेक किया, साथ ही अध्यापकों से निपुण भारत मिशन के बारे में जानकारी ली । इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने क्षेत्र के ग्राम झादा, उचसिया, हरेला, सिमरा हरचंद सिंह, बिलपुर, समेत तमाम विद्यालयों का निरीक्षण किया तथा प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए । बिलपुर तथा सिमरा हरचंद सिंह में सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद मिलने पर वहां के अध्यापकों को बधाई दी । खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इसी तरीके से प्रतिदिन विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा । उन्होंने बताया कि विद्यालयों में निपुण मिशन पर अधिक जोर दिया जा रहा है । उन्होंने आज के निरीक्षण में सभी विद्यालयों में सब कुछ ठीक-ठाक होने की भी बात कही ।

## धर्मस्थल की दीवार गिराने के आरोपियों को भेजा जेल

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** गांव अगरास में सोमवार देर रात धर्म स्थल की दीवार तोड़ने और पूजा कर रहे ग्रामीण को पीटने पर दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए थे। अधिकारियों ने रात में ही टूटी दीवार बनवाकर आक्रोशित लोगों को शांत किया। पुलिस ने मंगलवार को दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक हिस्ट्रीशीटर है।

गांव अगरास के बाहर पूर्व दिशा में एक धर्म स्थल है। सोमवार रात करीब आठ बजे गांव के दीपचंद्र यहां पूजा कर रहे थे। पास में ही फसल की रखवाली कर रहे दूसरे समुदाय का दन्ने अंसारी और उसका बेटा सादिक अंसारी दीपचंद्र को पूजा करते देख गाली-गलौज करने लगे। उसने विरोध किया तो दोनों बाप-बेटे उसके साथ मारपीट की। पीड़ित पक्ष की सूचना पर कार्यवाहक थाना प्रभारी ब्रहमपाल सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गए। कुछ ही देर में एसपी ग्रामीण मुकेश मिश्रा, सीओ हाईवे नितिन कुमार भी आ गए। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आश्वासन पर लोग शांत हो गए। पुलिस ने रात में ही क्षतिग्रस्त दीवार को सही कराया। अधिकारियों ने एहतियातन गांव में और धर्म स्थल पर फोर्स तैनात कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों नामजद बाप-बेटे दन्ने अंसारी और सादिक अंसारी को अगरास तिराहे से आईपीसी की धारा 323, 504, 506, 295, 153ए के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दन्ने हिस्ट्री शीटर बदमाश है।



आरोपियों को जेल भेजती पुलिस।

## लीकेज ठीक करने के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ा

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत डाली गई पाइप लाइन में लीकेज ठीक करने को खोदे गए गड्ढे में गिरकर बच्चे और बुजुर्ग घायल हो रहे हैं।

ब्लॉक मझगवां के बेहटा बुजुर्ग गांव निवासी हबीब अंसारी, जावेद, छुट्टन, साबिर, मोहम्मद रफी, भूरे आदि लोगों ने बताया कि उनकी गली में लगभग एक सप्ताह पूर्व पानी की पाइपलाइन लीकेज हो गई थी जिसको ठीक करने को जल निगम ने पिछले 5 दिनों पूर्व खोदा गया गड्ढा अब तक बंद नहीं किया गया है रात के अंधेरे में कई बार बच्चे गड्ढे में गिरकर घायल हो चुके है। इस विषय में ऑपरेटर अंकित यादव ने बताया कि ट्यूबवेल पर कमरा बन रहा है जिस कारण पानी की सप्लाई गांव में नहीं दी गई है कमरे का कार्य पूरा होने पर गांव की सप्लाई चालू की जाएगी तभी लीकेज चेक करके गड्ढा बंद कर दिया जाएगा। इस मामले में ठेकेदार शोएब कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।



बीच गली में खुला पड़ा गड्ढा।

### पाइप लाइन बिछाने को खोदी मिट्टी नाली में डाली

**शेरगढ़, अमृत विचार :** शासन की हर घर नल हर घर जल योजना ग्रामीणों के लिए सिरदर्द साबित हो रही है। नगरिया कलां गांव में पाइपलाइन बिछाने को खोदी गई नाली की मिट्टी जल निकासी को बनाए गए नाला में भर गई। जिससे नाला में मिट्टी भर जाने से जल निकासी की समस्या पैदा हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने पाइपलाइन बिछाने का काम कर रहे श्रमिकों से नाला से मिट्टी हटाने की गुजारिश की ताकि जल निकासी सुचारू हो सके लेकिन श्रमिकों ने उनकी एक न सुनी और पाइपलाइन की नाली पाटकर वहां से चलते बनें। इधर ग्रामीणों को नाला से मिट्टी निकालने के लिए परीश्रम करना पड़ रहा हैं। डॉ .एनचंद्र सरकार, हरीश कुमार गंगवार, सत्यपाल गंगवार, चंद्रपाल मौर्य, राजू दिवाकर, पवन कुमार मौर्य, लीलाधर गंगवार ने नाराजगी जाहिर करते हुए जिम्मेदारों से व्यवस्थित ढंग से कार्य कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाली में मिट्टी डालकर छोड़ दिए जाने की वजह से घरों से निकलने वाले पानी का निकास नहीं हो पा रहा है, जो नालियों में भरने के बाद सड़कों पर भर रहा हैं, इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही हैं।



## सख्ती से कराया जाएगा साप्ताहिक बंदी का पालन

**नवाबगंज, अमृत विचार :** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई व्यापार बन्धु की बैठक में तहसीलों में साप्ताहिक बंदी न होने का मामला उठने के बाद प्रशासन इसे लेकर सख्त हो गया है। एसडीएम ने श्रम विभाग को बंदी का पालन कराने के निर्देश दिए थे। जिस पर उप श्रमायुक्त डॉ. दिव्य प्रताप सिंह ने सभी तहसीलों में साप्ताहिक बंदी सख्ती से लागू किए जाने के लिए श्रम प्रवर्तन अधिकारियों की नियुक्ति की है। एसडीएम के अनुसार नवाबगंज में बुधवार की साप्ताहिक बंदी वाले दिन दुकान खोलने पर कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, इसके अनुपालन के लिए श्रम प्रवर्तन अधिकारी बी. राम व आर के चतुर्वेदी की तैनाती की गई है।

## बिजली की जर्जर लाइन शिफ्ट कराने की मांग

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार :** 11 हजार की विद्युत लाइन हटवाने के संबंध में ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड आंवला को दिया शिकायती पत्र।

उपखंड अंटुआ क्षेत्र के भिंडौरा गांव में वर्षों पुरानी 11000 की लाइन एक दर्जन से अधिक घरों के ऊपर से गुजर रही है। विद्युत लाइन में विद्युत सप्लाई के समय चिंगारी उठती रहती हैं, जिस कारण कई बार कई घरों में आग भी लग चुकी है। खाने पीने के सामान सहित तमाम सामान भी जलकर राख हो चुका है पोलो में करंट उतरने से कई बार पशुओं की जान भी जा चुकी है। महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग भी कई बार तारों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। मंगलवार को ग्रामवासी बीडीसी सदस्य सद्दाम खान, अखिलेश कुमार, समीर खान, दाताराम,अनिलकुमार,मनोज कुमार ,अमरसिंह, साजिद खां,सियाराम, मुकेश,नरेश आदि ने विद्युत लाइन को दूसरी जगह शिफ्ट कराने की मांग की है। वहीं इस मामले में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड आंवला ने बताया कि शिकायत पत्र मिला है जांच की जाएगी।

# मिलन समारोह में ली भाजपा की सदस्यता

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी अपनी ताकत बढ़ाने के लिए जिले में भर में मिलन समारोह आयोजित कर लोगों को भाजपा की सस्याता दिलाई, इस दौरान दूसरे दलों का साथ छोड़कर लोगों ने भगवा चोला ओढ़ा। साथ ही 2024 में बीजेपी की सरकार बनवाने की शपथ ली।

**मीरगंज में 350 ने ली सदस्यता:** मीरगंज में सांसद संतोष गंगवार, विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा, लोकसभा क्षेत्र संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा की उपस्थिति में दूसरे दलों के लगभग 350 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बनेगी। सभी वर्गों के लोग पार्टी में जुड़ रहे है। इस दौरान चेयरमैन योगेंद्र गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि फतेहगंज पश्चिमी सत्येन्द्र यादव, भगवान सिंह गंगवार, नन्हे लाल गंगवार, सोमपाल शर्मा, तेजपाल फौजी, भगवान सिंह, राजू भारती, यशवंत चौधरी, रमेश कुर्मी, होरी लाल गंगवार आदि मौजूद रहे।

### विपक्षी दलों के कई कार्यकर्ता हुए भाजपा में शामिल

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी में जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित मिलन समारोह में नगर पंचायत रिछा के अब्दुल वहीद, अब्दुल मोबीन, खंजन लाल मौर्य, ओमवीर सिंह, नीरू चौधरी, आनंद गौतम, जगदीश सागर, पूर्व प्रधान शफीक अहमद, सिकंदर सिंह, मोहम्मद आरिफ़, दानिश खान आदि लोगों ने अपनी पार्टी को अलविदा कहते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक छत्रपाल गंगवार, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा के अलावा सम्राट सिंह, सोमपाल शर्मा, अजय चौहान, राहुल साहू, मुकेश सक्सेना, अंकित शुक्ला, सुरेश गंगवार व सुनील रस्तोगी सहित कई अन्य भाजपाई शामिल रहे।

### प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य भाजपा में शामिल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज में दो दर्जन प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ही दर्जनों सपा कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता लिया। ब्लॉक सभागार में संपन्न पार्टी के मिलन समारोह में विधायक डॉ. एमपी आर्य व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना ने प्रधानों द्वारिका प्रसाद खिलचीपुर, बबलू गंगवार नौआ नगला, कलीम हाफिजगंज, शाहिद उदरनपुर, हेमेन्द्र कुमार अधकटा नजराना, . शमशाद अली रत्ना नन्दपुर, वीएल गंगवार मुड़िया विशन सहाय,केपी मुझेना जागीर, प्रदीप ढकिया आदि ने सदस्यता ली।

## सार-संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से गोवंशीय पशु की मौत

**रिठौरा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार पिकअप गोवंशीय पशुओं को टक्कर मारने के बाद पलट गई ।टक्कर इतनी जबरदस्त थी एक गोवंशीय पशु की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से भाग गया। वहीं नवाबगंज से लौट रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र कुमार उर्फ़ पिन्टू बीच सड़क पर मरे पड़े गोवंशीय पशु को बचाने के चक्कर में उनकी कार अनियंत्रित होकर नेशनल फिलिंग स्टेशन की दीवार में जा घुसी। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें कार से निकालकर इलाज के लिए निजी अस्पताल भिजवाया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर मय फोर्स पहुंचे चौकी प्रभारी सौरभ यादव ने पलटी पिकअप को उठवाकर पुलिस चौकी ले आए। वहीं मृतक पशु का रात में ही नगर पंचायत प्रशासन ने अंतिम संस्कार करवा दिया।

### छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन किए वितरित

**मीरगंज, अमृत विचार :** स्वामी दयानंद डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत बीए और बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किए गए। इस मौके पर प्रबंधक डॉक्टर सत्यवीर गंगवार, सचिव पंकज गंगवार, प्राचार्य डॉक्टर पूरन लाल गंगवार ने छात्रों को स्मार्टफोन दिए। इसके साथ ही छात्रों को तकनीकी शिक्षा का सही से इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र कुमार ने किया।



### फेयरवेल पार्टी में छात्रों को दी गई विदाई

**भमोरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के विद्यालय सर्वोदय जन कल्याण इंटर कॉलेज खेड़ा में मंगलवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। इसके साथी ही 11वीं के छात्रों ने 12वीं के 329 छात्रों को विदाई दी। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने कार्यक्रम प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को नकद इनाम के साथ प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान कॉलेज संस्थापक सेठ मांगू लाल गुप्ता, प्रधानाचार्य राघवेंद्र यादव, कपिल मिश्रा, वेद प्रकाश मौर्य, कुल केंद्र मिश्रा के साथ अमन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



### सामान के पैसे मांगने पर कारखाना मालिक को पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** बहेड़ी थाना क्षेत्र के आसिफ ने नवाबगंज थाने पर दी तहरीर में बताया कि वह अपने गांव में ही जैकेट बनाने का कारखाना चलाता है। उसके कारखाने पर एक व्यक्ति काम करता था। आरोप है कि पांच माह पूर्व बिना बताए वह एक बोरा सिली हुई जैकेट और जैकेट बनाने का सामान लेकर अपने घर चला गया। जब उसने फोन कर बात की तो उसने जान से मारने की धमकी दी। 13 फरवरी को वह मसीत वलीनगर अपनी रिश्तेदारी में गया था कि आरोपी ने अपने पिता और भाइयों के साथ मिलकर उसे सड़क पर ही घेर लिया और लाठी डंडों से पीटकर जमीन पर गिरा दिया। इसी दौरान आरोपी ने उस पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिसे उसने पलटी खाकर बचा लिया। इस दौरान उसके गले से सोने की चैन छीन ली। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे रिश्तेदारों के ललकारने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संगोष्ठी में छात्रों ने बजट पर की चर्चा

**रिठौरा , अमृत विचार :** पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को कक्षा 11 वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ''बजट 2024'' विषय पर संगोष्ठी हुई। इस संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने ''बजट क्या होता है, सरकार की ओर से इस धनराशि के विभिन्न व्यय क्षेत्र, आम जीवन पर बजट का प्रभाव, सरकार की विभिन्न योजनाएं, व्यक्तिगत आय के प्रमुख स्रोत, व्यक्तिगत टैक्स स्लैब, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर आदि विषयों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। यह संगोष्ठी वाणिज्य शिक्षक नीशू अग्रवाल के दिशा- निर्देशन में संपन्न हुई। इस अवसर पर चेयरमैन पारुष अरोरा, प्रधानाचार्या ममता सक्सेना, उप प्रधानाचार्या शिवानी सूरी एवं कोऑर्डिनेटर वैशाली गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### पूर्व जिला उपाध्यक्ष नानकराम का निष्कासन रद्द

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** निकाय चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते भाजपा से निष्कासित किए हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष नानकराम सागर सहित चार लोगों को फिर भाजपा ने फिर से पार्टी की सदस्यता दिलाई। मंगलवार को बरेली स्थित पार्टी कार्यालय में एक समारोह के दौरान सांसद धर्मेंद्र कश्यप और आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने नानकराम सागर, राम रतन साहू, केशव मौर्य, सोवरन सिंह यादव को एक बार फिर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई है। 9 माह पूर्व निकाय चुनाव के दौरान नानकराम सागर, सूरजपाल मौर्य, राम रतन साहू, महेश साहू ने बगावत करके भाजपा प्रत्याशियों के विरुद्ध चुनाव लड़ा था, इसी के चलते इन लोगों को पार्टी हाई कमान ने भाजपा पार्टी से निकाल दिया था।



### एनएसएस की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**बहेड़ी, अमृत विचार :** एमजीएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से मोहल्ला लोधीपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दूसरे दिन छात्राओं की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने की मंशा से जागरूकता रैली निकाली गई। इसके अलावा छात्राओं ने मोहल्ले में घर घर जाकर लोगों को स्वच्छता को लेकर प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश राठौर, नमिता मिश्रा, कृष्णा व पुनीत जौहरी ने सभी का मार्गदर्शन किया। छात्राओं में सपना, काजल किरन, धर्मवती, भावना, प्रीति , संध्या व आरती आदि शामिल रहीं।



### गोदभराई में नहीं पहुंचा वर पक्ष, पुलिस से शिकायत

**नवाबगंज, अमृत विचार :** बहेड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने नवाबगंज के गांव ज्योरा मकरंदपुर के युवक से अपनी बेटी का विवाह तय किया था। युवक की रोके की रस्म के दौरान कन्या के पिता ने युवक को 50 हजार रुपए दिए थे। गोद भराई के लिए 13 फरवरी की तारीख तय हुई थी। बेटी के पिता ने नवाबगंज थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसने गोद भराई कार्यक्रम के लिए कुंडरा में बारातघर की बुकिंग करने के साथ ही मेहमानों के लिए खाने पीने की व्यवस्था भी कर रखी थी। वह अपने परिवार के लोगों के साथ मंगलवार को सुबह 10 बजे बरातघर में पहुंच गया था, जिसके बाद रिश्तेदार भी पहुंच गए। शाम 4 बजे तक वर पक्ष का वह इंतजार करता रहा पर कोई नही पहुंचा तो उसने फोन से बात की तो बताया कि वह शादी नहीं करना चाहते। वर पक्ष रोके की रस्म के दौरान दी गई रकम भी वापस नही करना चाहते। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भूड़ा इलेवन ने मेवाती इलेवन को हराया

**फरीदपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को गौसगंज सराय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन किया गया, जिसमें भूड़ा इलेवन और मेवाती इलेवन के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमें भूड़ा इलेवन विजेता बना। इस दौरान सुभाषिनी जायसवाल , भाजपा महिला मोर्चा यासीन, प्रधान वाहिद फौजी, सलमान खान मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को ट्रॉफी पुरस्कर दिया, साथ ही उपविजेता टीम को भी पुरस्कृत किया गया।



### अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर की टक्कर से किशोर घायल

**कैंट,अमृत विचार :** अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर ट्रॉली ने एक किशोर को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। किशोर के पिता ने सोमवार देर रात कैंट थाने में आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के बभिया निवासी जगपाल ने बताया कि रविवार रात करीब 8 बजे उनका 16 वर्षीय बेटा विष्णु दुकान पर दूध लेने जा रहा था। इसी बीच गांव का ही रहने वाला मंगली अवैध खनन करके मिट्टी से भरा ट्रैक्टर लेकर वहां से गुजर रहा था ।जिसने उनके बेटे को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल किशोर के परिजन ट्रैक्टर चालक मंगली के घर शिकायत करने गए। और इलाज कराने को कहा। इस पर दबंग आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज और मारपीट की। साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए डरा धमका कर भगा दिया। घायल किशोर के पिता जगपाल ने आरोपी ट्रैक्टर चालक मंगली के खिलाफ कैंट थाने में संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

